राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

प. 1(6)(17)RSSB / संस्था / सला. / 2024 / दिनांक

महेन्द्र कुमार कौशिक, (सेवानिवृत्त, शिक्षा विभाग)
34 / 75, किरण पथ, मानसरोवर, जयपुर।

विषय : राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 17(1)(ए) के अन्तर्गत बोर्ड में सलाहकार (परिवेदना) के पद पर प्रस्ताव आमंत्रित करने बावत।

राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के गठन ग्रेड–पे रूपये 3600 / – (पे मेट्रिक्स लेवल L-10) तक की अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवाओं के लिए कार्मिकों का चयन करने हेतु किया गया है। आप शिक्षा विभाग से सेवानिवृत हुए हैं। बोर्ड में स्वीकृत सलाहकार के पद पर आप जैसे अनुभवी व्यक्ति की शीघ्र आवश्यकता है। सलाहकार (परिवेदना) के पद के लिए जॉब चार्ट संलग्न है।

कृपया आप अपने अनुभव का विस्तृत विवरण देते हुए वित विभाग के आदेश कमांक एफ 2(1)वित्त / जी एंड टी–एसपीएफसी / 2017 दिनांक 18.08.2023 के अनुसार पे माईनस पेंशन" राशि रू. 89700 /- (अक्षरे रूपये **नवासी हजार सात सौ** मात्र) पर बोर्ड में सलाहकार परिवेदना के पद पर सेवाऐं देने हेतु अपनी सहमति तीन दिवस में प्रस्तुत करें।

संलग्न : सलाहकार (परिवेदना) पद हेतु जॉब चार्ट

(मेजर जनरल आलोक राज)
अध्यक्ष

प.1(6)(17)RSSB / संस्था / सला. / 2024 / दिनांक

1. नोडल अधिकारी, प्रोक्येरमेंट एन्टीटी, बोर्ड को भेजकर लेख है कि राज्यलोक उपापन पोर्टल (SPPP) पर निविदा आमंत्रित करने वाली उपर्युक्त सूचना को अपलोड करावें।
2. उपनिदेशक IT CELL, RSSB को भेजकर लेख है कि बोर्ड की वेबसाईट पर अविलम्ब अपलोड करावें।
3. कैशियर / नोटिस बोर्ड, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर।

Signature valid
Digitally signed by Alok Raj
Designation: Chairman
Date: 2024.12.30 17:57:19 IST
Reason: Approved

अध्यक्ष

RajKaj Ref No.: 12542736

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

प. 1(6)(17)RSSB / संस्था / सला. / 2024 / दिनांक

सलाहकार (परिवेदना) पद हेतु संविदा सेवाओं के लिए जॉब चार्ट

1. बोर्ड की परिवेदना शाखा का पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण करना।
2. बोर्ड में परिवेदना संबंधित कार्य सम्पादित करना।
3. बोर्ड द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं के संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा अध्यक्ष / सचिव महोदय को प्रस्तुत परिवेदनाओं के समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से त्वरित निराकरण / निस्तारण करना।
4. विभिन्न विभागों / बोर्ड / निकायों से अर्थना प्राप्त करने में सलाह / सहयोग प्रदान करना।
5. विभागों / बोर्ड / निकायों से प्राप्त अर्थनाओं का परीक्षण करना / सुझाव प्रदान करना।
6. बोर्ड द्वारा जारी की जाने वाली अर्थना संबंधी विज्ञप्तियों का जारी होने से पूर्व व बाद में परीक्षण कर बोर्ड को अवगत कराना।
7. विज्ञप्ति जारी होने के उपरान्त अर्थना के संबंध में अभ्यर्थियों से प्राप्त परिवेदनाओं का नियमों के अनुसार निस्तारण करना।
8. बोर्ड द्वारा आयोजित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच कार्य में मार्गदर्शन प्रदान करना।
9. दस्तावेज सत्यापन के दौरान अभ्यर्थियों की डिग्री, मार्कशीट्स एवं अन्य दस्तावेजों की सत्यता की जांच हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना।
10. बोर्ड की गतिविधियों को व्यवस्थित एवं प्रभावी ढ़ग से सम्पादित करने संबंधित अध्ययन एवं सुझाव देना।
11. बोर्ड बैठक में प्राप्त प्रस्तावों का अध्ययन करना एवं आवश्यकतानुसार अध्यक्ष महोदय को सुझाव देना / आवश्यक जानकारी में लाना।
12. अन्य तात्कालिक कार्य जो अध्यक्ष / सचिव महोदय द्वारा समय–समय पर बताये जावें।

(मेजर जनरल आलोक राज)
अध्यक्ष

Signature valid

Digitally signed by Alok Raj
Designation: Chairman
Date: 2024.12.24 15:41:59 IST
Reason: Approved